Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-05-2023 | अंक 570

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## महायज्ञ में गायिका इशरत जहां के भक्ति जागरण गीतों पर रात भर झूमें लोग

### स्वीटी राज एवं आर्यन ने भी एक से बढ़कर एक जलवे बिखेरे रात भर दर्शक झूमते रहे







**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के ग्राम डोकाटांड में नौ दिवसीय श्री श्री 1008शिव- परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न होने पर। यज्ञ के नौवें दिन मुंबई के मशहूर भजन भक्ति गायिका इशरत जहां एंव कोलकाता के प्रसिद्ध गायिका स्वीटी राज तथा बिहार से आए आर्यन की भक्ति जागरण के माध्यम से भक्ति गीतों व झांकियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इशरत जहां के भक्ति गीत जो हरा हरा शंभू , कर्पूर गौरम करुणावतारं सुनते ही सारे भक्त झूम उठे , दर्जनों भक्ति गीत प्रस्तुत की, जिसे देखने और सुनने के लिए हजारों की संख्या में बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू कनकी दाड़ी, उरीमारी, सियाल , सौदा ,भुरकुंडा हजारीबाग, चतरा समेत अन्य गांवों और शहरों से लोगों की संख्या लोग पहुंचे थे।एंव उनके गीतों पर लोग रात भर झुमते रहे एक से बढ़ कर झकियो का आनन्द उठाये।

इस जागरण कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिन्हें देख विधायक अंबा प्रसाद ,संजीव बेदीया एवं अन्य भी अपने आप को रोक न सके और झूमने लगे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया ने दीप प्रज्वलित कर मंच का उद्घाटन किया। ,मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, संजीव बेदिया, विशेश्वरनाथ चौबे ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, पूर्व मुखिया सोनी देवी, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता , चंदर साव, चंद्रिका साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव यज्ञ कमेटी के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साव ,उप सचिव सह मीडिया प्रभारी दीपन साव, शंभू नाथ साहू, संरक्षक कन्हाई साव, उपाध्यक्ष बोधनसाव, सुखदेव प्रसाद गुप्ता, उमेश साव, अखिलेश साव,बसंत ठाकुर, दिवाकर कुमार, कारू साव सुरेंद्र प्रसाद साव, अजय कुमार ,विजय कुमार, बबलू कुमार, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजनीतिक चर्चा का केंद्र बना जनसंवाद यात्रा सिंघरावां में वक्ताओं का हुआ संबोधन

### झारखंड की मौलिक पहचान और विशिष्टता खतरे में : संजय मेहता







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही से 1 मई से शुरू हुई जनसंवाद यात्रा अब राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है। नुक्कड़ सभाओं में अब आम जनों को भीड़ उमड़ने लगी है। जनसंवाद यात्रा की नींव रखने वाले संजय मेहता और भुनेश्वर यादव लगातार आम जनों को संबोधित कर रहे हैं। वक्ता यात्रा के उद्देश्यों से लोगों को अवगत करा रहे हैं। यात्रा में मुख्य तौर पर स्थानीय नेतृत्व और झारखंड के हक अधिकारों की बात हो रही है। यात्रा के माध्यम से अब तक पिछले 17 दिनों में 26 छोटी - बड़ी सभाओं का आयोजन किया जा चुका है। जनसंवाद यात्रा के सिंघरावां पहुँचने पर आम जनों ने स्वागत किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं है। यह राज्य असंख्य बलिदान और संघर्ष से हासिल हुआ है। हमारे पुरखों ने इस राज्य को बनाने में वर्षों तक संघर्ष किया। संयुक्त बिहार के समय भी दक्षिण बिहार के इलाके के लोग शोषित-पीड़ित थे। यही कारण था कि छोटानागपुर और संथाल इलाके से अलग राज्य की एक आवाज निकली। यह क्षेत्र सांस्कृतिक, पारंपरिक, जीवनशैली की अनुपम मौ. लिकता और विशिष्टता को समेटे हुए है। झारखंड राजनीतिक तौर पर भी काफी समृद्ध राज्य रहा है। जयपाल सिंह मुंडा जैसे शख्शियत इसी धरती से संविधान सभा के सदस्य हुए। आज झारखंड के पूरा स्वरूप खतरे में है। विस्थापन को लेकर पुनर्वास की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। नियोजन को लेकर नियोजन की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। स्थानीयता को लेकर कोई स्पष्ट स्थानीय नीति नहीं है। झारखंड की नौकरी में झारखंडियों को प्राथमिकता नहीं मिल पा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया में स्पष्टता का आभाव है। राजनीतिक नेतृत्व में भी हकमारी हो जा रही है। कार्यपालिका, न्यायपालिका में झारखंड के लोग न के बराबर हैं। विधायिका का भी हिस्सा बाहर के लोग हड़प ले रहे हैं। ऐसे में इस राज्य के भोले - भाले लोग कहाँ जाएँगे। यह लड़ाई एक वैचारिक संघर्ष है। हम किसी से निजी लड़ाई नहीं कर रहे हैं। हमारा सवाल बस इतना है कि झारखंड की माटी पर झारखंडियों का पहला अधिकार है। इस अधिकार का अतिक्रमण 23 सालों से चल रहा है। अब यदि आवाज नहीं बुलंद किया गया तो झारखंड पूर्ण तौर पर चारागाह बन जाएगा। संजय मेहता ने कहा कि हम झारखंड और झारखण्डियत की भावना को जागृत कर एक राजनी. तिक चेतना का अलख जगाने का संकल्प रखते हैं। भुनेश्वर यादव ने संबो. धित करते हुए कहा कि नेतृत्वकर्ताओं का माटी से भावनात्मक लगाव होना जरूरी है। यह लड़ाई इस बात की है कि हमारी माटी पर सारा अधिकार और हक बाहर के लोग मार लेंगे तो झारखंड के लोग कहाँ जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि बरही से यह जन चेतना की आवाज हमलोग हर इलाके में लेकर जाएंगे। हम यह चाहते हैं कि नेतृत्व का कौशल इसी माटी से निकले। प्रतिभा की कमी हमारी धरती में नहीं है। हम सब झारखंड की धरती से नेतृत्व रखने की क्षमता रखते हैं। सभी लोगों को इसपर विचार करना होगा और इस बात पर आवाज बुलंद करनी होगी कि झारखंड के 81 विधायक और 14 सांसद इसी माटी से हों। इस अवसर पर सभा का संचालन करते हुए रवि सोनी ने कहा कि झारखंड की माटी को आवाज देने के लिए अब हर इलाके से एक आवाज देनी होगी। मजदूरों किसानों को एक होना होगा और हक की लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। सभा में सत्तार अन्सारी, अल्लाउद्दीन अन्सारी, सफदर अन्सारी , हरियाली दुत दिनेश कुमार गुप्ता, राजेश यादव, सुरेंद्र यादव रामप्रवेश यादव, राजेश्वर सिंह विवेकानंद विवेक, अमित कुमार, योगेन्द्र यादव, उमेश दास कपिल राणा, कामदेव राणा, विरेन्द्र कुमार राणा, संतोष पाण्डेय, कुणाल यादव सहित सैकडो युवा साथी एवं बड़े बुजुर्ग उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रसव के दौरान बरही बुढीडीह की महिला की हजारीबाग में मौत, परिजनों का हंगामा

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढीडीह निवासी पिंकी देवी पति संतोष यादव उम्र 25 वर्ष की मौत हजारीबाग के एक अवैध प्रसव गृह में प्रसव के दौरान गलत तरीके से प्रसव कराने से हो गई। जानकारी के मुताबिक मार्खम कॉलेज के पास एक घर में एक तनु कुमारी नाम ले एएनएम अवैध तरीके से प्रसव कराती है। उसी के पास मंगलवार सुबह प्रसव कराने उक्त महिला गई थी। महिला को एक लड़का हुआ। लेकिन लड़का होने के बाद भी नर्स ने उस महिला को रक्तस्राव शुरू हो गया। उसका इलाज नहीं कर वह परिजनो को कुछ बताए ही उसे घर भेज दिया। घर बरही आने के दौरान अत्यधिक बिल्डिंग होने के वजह से उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन शव के साथ उस एएनएम के घर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। सभी एएनएम की गिरफ्तारी एवं क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे है। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है। आरोपी एएनएम सिरसी पीएचसी में कार्यरत है। घटना के बाद एएनएम अपना घर में ताला लगाकर फरार हो गई है। परिजन स्थानीय थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मौके पर मौजूद पंचमाधव के पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने कहा की गलत तरीके से प्रसव कराने एवं जानकारी छुपाने के कारण घटना घटी।

### स्कूल में लगे सोलर लाइट को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार सदर प्रखंड स्थित करकट मीडिल स्कूल के गेट पर लगा सोलर लाइट को रात के अंधेरे में क्षतिग्रसत कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही प्रबंधन के द्वारा थाना में सन्हा दर्ज करा दिया गया है। साथ ही विभाग को भी इस घटना की पूरी सूचना दे दी गई है। इसकी जानकारी प्रभारी एचएम मोहन प्रसाद ने दी है।

### सीबीएसई 10वीं परीक्षा में रोशन बर्मन रहे विष्णुगढ़ टॉपर



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में विष्णुगढ़ के चेडरा निवासी रोशन बर्मन पिता संजय बर्मन विष्णुगढ़ ट०पर रहे हैं। उन्हें कुल 98ः अंक मिले हैं। संस्कृ त तथा गणित विषय में उन्हें सर्वाधिक बेहतर प्रदर्शन रहा है। दोनों विषयों में उन्हें 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं सामाजिक विज्ञान में 98, सूचना तकनीक में 97, विज्ञान में 95 तथा अंग्रेजी विषय में 93 अंक मिले हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई गोमियां के पिट्स म०डर्न स्कूल से की है। रोशन बर्मन के दादा सेवानिवृत्त अभियंता जयवीर बर्मन ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी बच्चे अच्छा कर सकते हैं। बस उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस सफलता पर प्रखंड के कई शिक्षाप्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

APEM LIVE

24 घंटे सेवा
HOTEL
आकाश पैलेस
9122662308
6299699176
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डेंगू दिवस पर चिकित्साकर्मियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

### बताए गए डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। उपस्थित चिकित्साकर्मियों को बतौर प्रशिक्षक डॉ गजाला प्रवीण, डॉ संतोष कुमार, डॉ नीरज उपाध्याय ने बारी बारी से डेंगू के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ गजाला प्रवीण ने बताया की डेंगू बीमारी एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह साफ जल जमाव में पाया जाता है। इस बीमारी में बुखार तेजी से आता है। डॉ संतोष कुमार ने कहा की इस बीमारी के फैलने से बचाव के लिए अपने आस पास जल जमाव होने से रोकना चाहिए। एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार ने बताया की इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी एएनएम को डेंगू बीमारी के लक्षण, कारण एवं बचाव की जानकारी दी गई है। मौके पर बिंदिया लिंडा, उत्तम कुमार रजक, कुमारी दीपा, सरला गोस्वामी, कुमारी सावित्री, सुनीता कुमारी, चंचला कुमारी, आरती कुमारी, कृतलता कुमारी, विभा कुमारी, संजू प्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुंडू मोड़ से विजैया मोड़ तक 5 किलोमीटर सड़क की होगी मरम्मती

### विधायक उमाशंकर अकेला ने किया मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मरम्मतीकरण का शिलान्यास करते विधायक अकेला

बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुंडू में बिजैया तक जर्जर सड़क की मरम्मती होगी। मरम्मती कार्य का शिलान्यास बुधवार को विधायक उमाशंकर अकेला एवं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। सड़क मरम्मती कार्य की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बताया की सड़क मरम्मती कार्य एक करोड़ दस हज़ार रुपये की लागत से किया जाना है। शिलान्यास कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की विकास के कार्य को लेकर हर संभव प्रयास कर रहा हूं। क्षेत्र वासियों के जरूरतों और मांग के अनुसार सभी कार्य कर क्षेत्र का विकास का कार्य करूंगा। सड़क की जर्जर स्थिति को देखते मरम्मती कार्य कराने का प्रयास किया हूं। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, महादेव यादव, राम लखन यादव, प्रकाश यादव, बुलाकी यादव, मो वारिस, राजेंद्र यादव, सुभाष यादव, शिव शंकर यादव, मुनिलाल ठाकुर, किशुन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पशु प्रक्षेत्र की जमीन पर पशु प्रक्षेत्र प्रबंधक में लगाई अतिक्रमण का आरोप

### अपर समाहर्ता को पत्र लिखकर बताया डीसी के आदेश के बाद भी एसडीओ सीओ ने नही हटवाई अतिक्रमण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राजकीय पशु प्रक्षेत्र एवं बिरसा कृषि प्रक्षेत्र की जमीन पर लगातार अतिक्रमण कर कब्जा की जा रही है। अतिक्रमण हटाने को लेकर पशु प्रक्षेत्र एवं बिरसा कृषि प्रक्षेत्र प्रबंधन स्थानीय प्रशासन से कई बार लिखित आवेदन भी दिया है। बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नही हुई। जिसके कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता जाता है। इस बार पुनः राजकीय पशु प्रक्षेत्र देवचंदा के जमीन पर हबीब मियां के द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर पशु प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ संजीव कुमार ने अपर समाहर्ता हजारीबाग को पत्र लिखकर बताया की उनके प्रक्षेत्र की जमीन पर हबीब मियां एवं निजाम मियां वगैरह के द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इसको रोकने के लिए पिछ्ले 6 अगस्त 2022, को डीसी के द्वारा भ्रमण के दौरान एसडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया था की अविलंब अतिक्रमण हटाए। लेकिन अब तक नही हटाया गया। उन्होंने अपर समाहर्ता से अतिक्रमण हटवाने का अनुरोध किया है।

## जमनीजारा में बैठक कर विस्थापितों ने डीवीसी प्रबंधन को दी चेतावनी

### पेयजलापूर्ति समेत विविध समस्याओं और अधिकारों पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्रखंड के जमनीजारा में पेयजल समस्याओं को लेकर बुधवार को डीवीसी विस्थापितों की बैठक हुई। अध्यक्षता दौलत महतो तथा संचालन विनोद महतो ने किया। बैठक में कोनार विस्थापितों की विविध समस्याओं एवं अधिकारों की चर्चा की गई। कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि डीवीसी का रवैया विस्थापितों के प्रति काफी उदासीन है। डीवीसी के अधिकारी डीवीसी को कंपनी की तरह चला रहे हैं। विस्थापित पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। डीवीसी विस्थापितों को दरकिनार कर सिर्फ पैसे जुटाने पर लगी हुई है। विस्थापित महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही ने कहा कि डीवीसी सिर्फ सामाजिक दायित्व का नकाब पहन कर व्यापार कर रही है। विस्थापितों की समस्याओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। सुरेश राम ने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों को भटकाने का कार्य कर रही है, विस्थापित हित को दरकिनार कर स्वार्थ हित लगी हुई है। पेयजल की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा गया कि डीवीसी पहले यहां के स्थानीय विस्थापितों को पीने का पानी उपलब्ध कराए। उसके बाद पानी बेचने का काम करे। डीवीसी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि उनकी समस्याएं हल नहीं की गई कोनार डैम का पानी रोकने का काम किया जाएगा। बैठक में प्रदीप कुमार, जागेश्वर कुमार, रवि कुमार महतो, पनवा देवी, बीना देवी, सरयू महतो, मनोज महतो , बिशनी देवी, कलबतिया देवी, मंगर सिंह, हिरामन कुमार, श्रवण सिंह समेत कई विस्थापित मौजूद थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 10 जून से होगा अंडर-19 क्रिकेट मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने यह निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आगामी 10 जून से अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा. लातेहार पुलिस लाइन में आयोजित इस टूर्नामेंट में जिले के सभी 12 थाना क्षेत्रों के खिलाड़ी भाग लेंगे. महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर महुआडांड़ प्रखंड में खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इच्छुक खिलाड़ी 18 मई तक महुआडांड़ थाना में आकर नि.शुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की उम्र 16 से 18 वर्ष होनी चाहिए और महुआडांड़ क्षेत्र का निवासी होना चाहिए. आशुतोष यादव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय टीम बनाकर खिलाड़ियों को जिला स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भेजा जायेगा. चयनित खिलाड़ियों को पुलिस द्वारा क्रिकेट किट भी उपलब्ध कराया जायेगा. साथ ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों की उपस्थिति में अभ्यास कराया जायेगा.






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ग्रामीण क्षेत्रो में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो : जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा हजारीबाग : जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय के प्रयास से बरकट्ठा के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल गोरहर पंचायत के कुशहन गांव को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग से आवंटित हुआ । ज्ञात हो कुशहन के ग्रामीण पिछले एक वर्ष से खराब ट्रांसफार्मर के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, सहदेव मराण्डी, सुरेश टुडु, किशुन माँझी, रामसहाय माँझी एवं विनोद बेसरा के माध्यम से जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने उनकी समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान करते हुए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने इस कार्य के लिए बिजली विभाग के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुवे कहा कि हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो। ट्रांसफार्मर मिलने एवं क्षेत्र में बिजली पुनः बहाल होने के खुशी में कुशहन के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को धन्यवाद दिया।

## कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर धारा 122बी सीआरपीसी के तहत एसडीएम ने 21 विपक्षियों को दी नोटिस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : कोर्ट के आदेश की अवहेलना के एक मामले में लातेहार के एसडीएम ने बालूमाथ थाना के जसीम कुरैशी समेत 21 विपक्षियों के नाम सीआरपीसी की धारा 122 बी के तहत नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर सभी को 50-50 हजार रु बतौर बंध पत्र राशि जिला नजारत में जमा करने का सख्त आदेश दिया है। वहीं राशि नहीं जमा करने की दशा में उक्त मामले में एकतरफा कारवाई करने की बात कही है। मालूम हो कि ग्राम+पो0+थाना बालूमाथ के मोईन ने अपने विपक्षियों जसीम कुरैशी,कलीम कुरैशी,अलीम कुरैशी, इस्लाम कुरैशी,हा. शिम कुरैशी, अब्बास कुरैशी, अभ्यास कुरैशी, मिन्हाज कुरैशी,कफील कुरैशी, रफीक कुरैशी, नसीम कुरैशी,शमीम कुरैशी,जमालुद्दीन,खुदाबक्श, कुदरत,ईशा समेत 21 के खिलाफ अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में विविध वाद सं 540/2020 धारा 107 सीआरपीसी दर्ज कराया था। जिसमें सभी विपक्षी 50-50 हजार रु के बंध पत्र पर कोर्ट से रिहा हुए थे।पर उक्त आदेश की अनदेखी कर विपक्षियों ने पुनः वादी मोईन को समूल नष्ट कर देने को धमकाया और शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की।जिसकी लिखित सूचना मिलने पर एसडीएम ने वादी की शिकायत को बालूमाथ के थाना प्रभारी से जांच कराई। थाना प्रभारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन से संतुष्ट हो एसडीएम ने सभी विपक्षियों को दोषी करार देते एक सप्ताह के अंदर सीआरपीसी की धारा 122बी के तहत हरेक को बंध पत्र राशि 50-50 हजार रु जिला नजारत में जमा करने का आदेश दिया है।

## अदाणी फॉउंडेशन ने वर्ल्ड हाइपरटेंशन दिवस के मौके पर लगाया हेल्थ कैंप

### डॉक्टर ने कहा : गांवों में भी तेजी से फैल रही यह बीमारी, रक्तचाप नियंत्रण से बढ़ेगी उम्र, जोखिम होगा कम

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : अदाणी फॉउंडेशन की मोबाइल मेडिकल टीम ने महुगाई कला पंचायत के सुकुलखपिया गाँव में विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर एक विशेष मेडिकल कैम्प लगाया। इस कैम्प में डॉक्टर अर्जुन महतो ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां दी गई। कैम्प में डoक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर को विशेष तौर पर जांचा और उन्हें अत्यधिक तनाव से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 मई को 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' मनाया जाता है, जहां लोगों को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता हैं। इसलिए रक्तचाप को नियंत्रण में रखना जरुरी है, जिससे उम्र भी बढ़ेगी और स्ट्रोक का जोखिम भी कम होगा। शविश्व उच्च रक्तचाप दिवस यानि श्साइलेंट किलरश के प्रति जागरूक होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। भारत में हर साल होने वाली सभी मौतों में करीब 10.8% के लिए उच्च रक्तचाप जिम्मेदार है। इसके अलावा देश में हर साल मिलने वाले स्ट्रोक के 29 फीसदी और हार्ट अटैक के 24 फीसदी मामलों का भी कारण उच्च रक्तचाप ही है।डॉक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि शारीरिक गतिविधि, योग और संतुलित आहार से इससे बचा जा सकता है। कैम्प के दौरान महिलाओं, बुजुर्ग और प्रौढ़ लोगों को नियमित अंतराल पर रक्तचाप की जांच कराने की सलाह दी गयी। डॉक्टर ने कहा कि आज गांव और शहर दोनों जगहों पर लोग इस बीमारी से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव के कारण ही रक्तचाप बढ़ता है।

## विकास ने एसएससी सीजीएल से इंस्पेक्टर में चयनित होकर बरकट्ठा का बढ़ाया मान

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया निवासी निरंजन प्रसाद मेहता पिता स्व.द्वारिका मेहता के पुत्र राजहंस उर्फ विकास ने जूनियर अकाउंटेंट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत रहकर कस्टम सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होकर पूरे बरकट्ठा और शौण्डिक समाज का नाम रौशन किया द्य अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, मेहनत, माता पिता, गुरूजन, जीजा मनोज कुमार, दीदी मैडम माला और मामा रामचन्द्र चौधरी को दिया जिन्होंने लगातार प्रेरित किया और इस मुकाम पर जाने की हिम्मत, ताकत मिला द्य रामचन्द्र चौधरी ने कहा एक साधारण परिवार और सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर अपनी मंजिल हासिल कर यह संदेश दिया कि मंजिल हासिल करने के लिए लगातार पढ़ाई जारी रखें सफलता अवश्य मिलेगी द्य उनकी सफलता पर झारखंड शौण्डिक संघ, विधायक अमित कुमार यादव, पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, पुर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव समेत सैकड़ों लोगों ने उज्ज्वल भविष्य कि कामना, बधाई और शुभकामनाएं दिए ।

## मुखिया की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के परहाटोली पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को परहाटोली मुखिया रिता खलखो की अध्यक्षता में पंचायत के सभी वार्ड सदस्यो,रोजगार सेवक और ग्रामीणों के साथ विशेष बैठक आयोजित किया गया।बैठक में पंचायत अंतर्गत चल रही, आम बागबानी, सिचाई कुप योजना, मेढबंदी, टीसीबी, दीदी बाड़ी समेत अन्य प्रकार की जन उपयोगी योजना के विषय में जानकारी दी गई । नरेगा वाच सदस्य अफसाना के द्वारा ग्राम एवं पंचायत के अंदर ग्रामीण मजदूरो का पलायन रोकने एवं इन्हे रोजगार से जोड़ने हेतु जनप्रतिनिधी वार्ड सदस्यों को जागरूक किया गया, वार्ड सदस्य, निलम रोश (डूमरडीह) ने खरीफ मौसम फसल धान की बुवाई की तैयारी को लेकर कच्ची नहर की मरम्मत के लिए मुखिया को आवेदन दिया। मौके पर विनोद राम, मेंहदी हसन, माखनराज खलखो एवं वार्ड सदस्य समेत ग्रामीण मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक अंबा प्रसाद ने एक करोड़ लागत राशि से पंडरिया में गार्डवाल निर्माण की आधारशिला रखी





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा एवं लगातार किए गए प्रयासों की बदौलत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से लगभग एक करोड़ की लागत राशि से ग्रामीणों की मांग पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम पडरिया हहारो नदी शिव मंदिर के समीप गार्डव०ल का निर्माण किया जाएगा। जिसे लेकर बुधवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को उनके कार्य को लेकर ढोल नगाड़े के साथ माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ज्ञातव्य हो कि लगातार नदी के पानी के कटाव के कारण सिरमा पडरिया से प्रखंड मुख्यालय जाने वाले रोड का धंसने का खतरा बना हुआ रहता था। जिसके लिए विधायक अंबा प्रसाद ने लगातार कई बार मामले को जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष समय-समय पर होने वाली बैठकों में जोरदार तरीके से रखा एवं नदी के बहाव से कट रहे मिट्टी के रोकथाम के लिए गार्डवाल बनाने की बात कही थी ।जिस पर अंततः रिटेनिंग वॉल का निर्माण शुरू हो पाया। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की मैं क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं। गार्डवाल का निर्माण यथाशीघ्र शुरू कराया जाएगा जिससे पंचायत वासियों को लाभ प्राप्त होगा एवं रोड धंसने की समस्या का समाधान होगा। वही विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान घोषणा किया कि पंडरिया शिव मंदिर के सामने सार्वजनिक स्थल पर बहुत जल्द पेवर ब्लॉक लगवाया जाएगा। इस दौरान विधायक ने वृक्षारोपण भी किया।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,शमशेर आलम, अरूण रंजन प्रसाद, गुलाब ठाकुर, बालेश्वर महतो, कमल नाथ महतो, बेचन राणा, नारायण महतो, लता सिन्हा शिक्षिका, दुलर देवी, कंचन माला समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## नावाटांड़ में मनसा पूजा के आयोजन को लेकर कमेटी का गठन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बनासो पंचायत के नावाटांड में मनसा पूजा के आयोजन को लेकर बुधवार को ग्रामीणों की बैठक मुखिया चंद्रशेखर पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनसा पूजा की तैयारी तथा इसके सफल आयोजन को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामचंद्र महतो, कोषाध्यक्ष डुमरचंद महतो, सह कोषाध्यक्ष तुलसी महतो, सचिव मुखिया चंद्रशेखर पटेल, सहसचिव गुलाब प्रसाद वर्मा मनोनीत किये गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में टेको महतो, कोवाल सिंह, ढालेश्वर महतो, सोहर सिंह, सुरेश राम, केशू महतो, हरखू महतो जीतन महतो, विशेश्वर महतो, मोती महतो, थानू महतो, राजकुमार महतो, सोहर सिंह समेत 21 सदस्यों का टीम गठित की गई। संचालन पंसस प्रतिनिधि राजकुमार महतो ने किया। बैठक में लालचंद महतो, रामप्रवेश सिंह, कैलास महतो, हरिलाल महतो, गोबिंद महतो, फालो महतो, नुनूचंद प्रसाद सिंह, तोता महतो, मानी महतो, टेको महतो, महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही समेत कई लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र गरजामो में बच्चों के बीच हुआ पोशाक वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया। मौके पर सेविका साजदा खातून, सहायिका आबदा खातून एवं ग्रामीण मौजूद रहे।













डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार